## आसपास के जिलों और तहसीलों से आई फायरबिग्रेड ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू

# ईमलीखेड़ा में खौफनाक आग घंटों धधकती रही फैक्ट्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

**जिले के इमलीखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक प्लास्टिक पाइप निर्माण फैक्ट्री में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग की ऊंची लपटों और घने काले धुएं ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र को दहला दिया।**







प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार आग करीब दोपहर 12 से 12:30 बजे के बीच लगी। यह फैक्ट्री प्रकाश गुप्ता की बताई जा रही है। फैक्ट्री में संग्रहित ज्वलनशील प्लास्टिक कच्चे माल के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। धुएं का गुबार करीब तीन किलोमीटर दूर तक साफ दिखाई देता रहा।

आग पर नियंत्रण के लिए चांदामेटा, परासिया, बड़कुई और आसपास के क्षेत्रों से कुल 8 फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। नगर निगम के पांच पानी टैंकर भी लगातार पानी की आपूर्ति में लगाए गए। घंटों की मशक्कत के बाद स्थिति पर करीब 70 प्रतिशत तक काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सुधीर जैन, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय एवं जोन प्रभारी विवेक चौहान मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। एसडीएम सुधीर जैन ने बताया कि आग पर जल्द ही पूर्ण नियंत्रण की उम्मीद है और अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग की गंभीरता को देखते हुए आसपास की फैक्ट्रियों को एहतियातन खाली कराया गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि प्रशासन द्वारा विस्तृत जांच जारी है। प्रारंभिक आकलन में करीब 80 लाख रुपये से अधिक के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। छिंदवाड़ा के औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा स्थित एक पाइप निर्माण फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि उससे उठता धुएं का गुबार करीब 3 किलोमीटर दूर तक साफ दिखाई दिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। आग बुझाने का कार्य लगातार जारी है।

वहीं, पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मौके पर मौजूद है और सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहा है।आग लगने की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। फिलहाल आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन फैक्ट्री को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मिला जानकारी के अनुसार उक्त फैक्ट्री ओम पाइप्स है जिसके संचालक जितेंद्र गुप्ता है यह पाइप बनाए जाते है,प्रशासन द्वारा लोगों से मौके से दूर रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

## बुजुर्गों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन बुजुर्गों ने बताई अपनी समस्या



**परासिया।** ग्राम पंचायत भमोडी ने नवाचार करते हुए एक संवाद वरिष्ठजनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिला पुरुषों ने भाग लिया। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम के बुजुर्ग महिला, पुरुष वरिष्ठजनों की समस्याओं के निराकरण, उनके स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, शासकीय योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभ तथा ग्राम विकास में उनके अनुभव, सुझाव तथा मार्गदर्शन पर चर्चा की गई। बुजुर्गों की अधिकांश समस्या स्वास्थ्य संबंधी थी। जिसके लिए निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ जांच की जाएगी जिसमें बीपी, शुगर, सहित अन्य आवश्यक जांच एवं रक्त परीक्षण, दवाइयो का वितरण किया जाएगा। नेत्र रोग संबंधी जांच एवं निशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए शिविर लगाया जाएगा। संवाद में आए प्रत्येक बुजुर्ग की समस्या पर निराकरण संबंधी फ़ालोअप उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत सचिव राजेश सेंगर, जीआरएस इकबाल अहमद, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सोनू रावतेल, पंच शंकर पाल, संध्या रावतेल, छाया बावरिया, सागर सूर्यवंशी, नितिन नाविक, आशा कार्यकर्ता मीना बावरिया, पुष्पा भारती, रेखा विश्वकर्मा, अमरावती गौतम,गीता मारवाड़ी घनश्याम मरकाम उपस्थित रहे।

## सुरक्षा को लेकर रेल यात्रियों को दी गई समझाईश

**परासिया :-** ट्रेन संख्या 61124 में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर में प्रधान आरक्षक (रेल) जवाहर सिंह व आरक्षक आर के सेटे द्वारा यात्रियों को रेल्वे हेल्पलाइन नंबर 139 पर



कॉल करपर मिलने वाले फायदे के बारे में बताया गया । वहीं यात्रा के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना तथा अन्य किसी प्रकार की परेशानी से बचने को लेकर समझाइश दी गई । यात्रा के दौरान धूम्रपान , नशा न करने , ज्वलनशील पदार्थ साथ न ले जाने की अपील की गई । ऐसा करने या यात्री के पास ज्वलनशील सामग्री मिलने पर रेलवे द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में बताया गया । साथ ही बताया गया , कि बगैर टिकिट यात्रा करना , धूमपान , नशा आदि करना दंडनीय अपराध माना जाएगा तथा आपके विरुद्ध रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया जाएगा ।

## आबकारी विभाग ने अवैध शराब के अड्डों पर दी दबिश



**जुन्नारदेव।** मंगलवार 9 दिसंबर को जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आबकारी वृत्त जामई के ग्राम पंचायत खारी में अवैध शराब के अड्डों में दबिश दी गई, जिसमें एक चढ़ी हुई भट्टी मिली जिसे नष्ट किया गया साथ ही 400 किलोग्राम महुआ लाहन का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। 15 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित शराब जप्त कर आबकारी विभाग ने कब्जे में लिया। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) क तथा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल एवं आरक्षक मिथुन उइके उपस्थित रहे।

## मिसाल प्रोजेक्ट के अंतर्गत महाविद्यालय में प्रतियोगिताएं हुई संपन्न



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं ओएसिस संस्था के मिसाल प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ ए के टांडेकर के आदेशानुसार प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन चरण निबंध लेखन, समूह संवाद एवं फील्ड प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में तीन निर्णायकों की निष्पक्ष निर्णायक टीम रही जिसमें डॉ सागर भनोत्रा, डॉ कविता मुकाति एवं प्रो मो आबिद निर्णायक की भूमिका में रहे। पहली प्रतियोगिता निबंध लेखन आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं नेतृत्व के विषयों पर प्रभावी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की निर्णायकों द्वारा भाषा मौलिकता तथा विचारों की तार्किकता के आधार पर मूल्यांकन किया जिसमें 17 प्रतियोगियों ने भाग लेकर 14 विद्यार्थियों ने इस चरण को पास किया और समूह संवाद में भाग लिया। समूह संवाद में युवाओं से जुड़े समसायिक सामूहिक मुद्दों पर प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण चर्चा की चर्चा के संचालन नेतृत्व क्षमता एवं संवाद अभिव्यक्ति का मूल्यांकन निर्णायकों द्वारा किया गया। निर्णायको ने अलग-अलग दिशा में अपनी उपस्थिति देकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया। तृतीय चरण में विद्यार्थियों ने सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक अलग-अलग वार्ड और अलग-अलग गांव में फील्ड प्रोजेक्ट किया उसके बाद 3:00 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होकर प्रत्येक जज से व्यक्तिगत अपनी उपस्थिति देकर साक्षात्कार दिया। प्रतियोगिता का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी द्वारा किया गया।

## पार्श्वनाथ जिनालय का मनाया 22 वां वार्षिक महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** माघ शुक्ल पंचमी बसंत पंचमी शुक्रवार के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का 22 वां वार्षिक महोत्सव एवं आचार्य कुंदकुंद देव का मंगलकारी जन्म दिवस भक्ति भाव पूर्वक मनाया।इस अवसर प्रातःकाल की मंगल बेला पर श्रावक - श्राविकाओं ने पार्श्वनाथ जिनालय पर ध्वजारोहण कर, मंगल कलश के साथ मां जिनवाणी की स्थापना कर सामूहिक पूजन एवं नेमीनाथ पंचकल्याणक विधान में हिस्सा लेकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।मंगल महोत्सव में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मंडल के महामंत्री अशोक वैभव, कोषाध्यक्ष संजीव सिंघई, फेडरेशन सचिव जैन के साथ सुरेन्द्र जैन, पंकज जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेवकों को मिला।ये रहे सौभाग्यशाली परिवार -मंगलकारी विधान में आचार्य कुंदकुंद देव द्वारा रचित जिनवाणी ग्रन्थराज समयसार को विराजमान करने का सौभाग्य श्रीमती मंजू सुरेन्द्र पंकज परिवार को प्राप्त हुआ।

## शासकीय कॉलेज दमुआ में वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



शासकीय महाविद्यालय, दमुआ में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विविध सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर तिलक एवं पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर लोकगीत एवं लोकनृत्य पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भारतीय लोक-संस्कृति की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अंतर्गत वसंत पंचमी के महत्व पर केंद्रित विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें ज्ञान, विद्या एवं सांस्कृतिक चेतना में इस पर्व की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी विचारों एवं राष्ट्र निर्माण के आदर्शों विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने नेताजी के साहस, त्याग एवं देशभक्ति को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की आधारशिला है तथा स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को जीवन एवं कैरियर निर्माण की दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री नीरज कुमार सल्लाम एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी श्री राजकुमार कुशवाहा की सक्रिय भूमिका रही।इस अवसर पर डॉ. विमल कुमार कौशले, डॉ. दिलीप ढोबाले, डॉ. पुष्पा मौर्य, जितेंद्र दिवाकर, सुषमा टांडेकर, घनश्याम मालवीय, डॉ. राजेश कुमार लोखंडे, गोरी शंकर घोरे मौजूद रहे।

## नपं न्यूटन में नहीं स्थाई सीएमओ गड़बड़ा रही व्यवस्थाएं

### कर्मचारी भी आंदोलन पर उतारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



नगर पंचायत न्यूटन चिखली में स्थाई सी एम ओ के नहीं होने के चलते नगर में कई व्यवस्थाएं गड़बड़ाने लगी हैं । खासकर वित्तीय मामलों से जुड़ी व्यवस्थाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं । वहीं पंचायत के कर्मचारी आंदोलन पर उतारू हैं । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ ने 72 घंटे का अल्टीमेटम देकर आंदोलन की चेतावनी दी है ।

नगर पंचायत न्यूटन में प्रभारी सी एम ओ के तौर पर छिंदवाड़ा निगम में उपायुक्त रोशन बाथम को रखा गया है । जिनके पास निगम की ही इतनी जिम्मेदारियां हैं , कि वे अपना अधिकांश समय निगम में ही देते हैं । नगर पंचायत न्यूटन में सप्ताह में एक या दो बार ही आते हैं । जिससे यहां के कार्य प्रभावित हो रहे हैं । बिलों के भुगतान में देरी के चलते पंचायत में वित्तीय मामलों से जुड़ी व्यवस्थाएं बुरी तरह गड़बड़ाई हुई हैं । अक्सर कचरा वाहनों में डीजल नहीं डलने से नियमित रूप से वार्डों में कचरा नहीं उठ पा रहा है । बेटरी वाहनों का उपयोग कर कचरा उठाया जा रहा है । इन वाहनों की क्षमता अधिक नहीं होने से सभी वार्डों तक वाहन नियमित नहीं पहुंच पा रहे हैं । वहीं माह दिसंबर में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन इन्हीं प्रभारी सी एम ओ को सौंपा था और महोदय ने शीघ्र समाधान का वादा किया था , लेकिन कर्मचारियों की बात अब तक नहीं बनने से वे नाराज हैं और शुक्रवार को पुनः ज्ञापन दिया है , जिसमें 72 घंटे में उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन शुरू करने की बात कही गई है ।संजय डेहरिया जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में ज्ञापन । भारतीय मजदूर संघ छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष अर्जुन भारती , जिला मंत्री अजय पाल , रमेश शर्मा जिला सचिव , दिनेश डेहरिया जिला कोषाध्यक्ष , जिला उपाध्यक्ष मनोज गौतम , देवलाल वर्मा , शिवदास बेले एवं समस्त कर्मचारी एवं पदाधिकारियों ने ज्ञापन देने के साथ तीखे शब्दों में चेतावनी देते हुए मांगे पूरी किए जाने की मांग रखी है ।

## 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अधिकारियों, कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

**छिंदवाड़ा।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नारायन ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा, ' देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने ' की शपथ ली गई।

### अमरवाड़ा की युवती फरार, कर ली शादी

## इंस्टाग्राम पर परवान चढ़ा प्यार, चंडीगढ़ से आया प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



एक गुमशुदा युवती की तलाश में निकली अमरवाड़ा पुलिस उस वक्त हक्की-बक्की रह गई, जब पता चला कि युवती ने अपने चंडीगढ़ वाले प्रेमी संग ब्याह रचा लिया है। जानकारी में अमरवाड़ा टीआई ने बताया कि बीते दिनों युवती की गुमशुदगी का मामला सामने आया था। युवती की तलाश के लिए जब सायबर टीम एक्टिव हुई तो पता चला कि युवती चंडीगढ़ में है, तत्काल चार सदस्यी टीम को चंडीगढ़ रवाना किया गया। जहां से युवती को दस्तयाब किया गया। युवती से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसकी दोस्ती चंडीगढ़ के युवक से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी, ऐसे में युवक उसे लेने आया था। जिसके बाद उन्होंने भागकर शादी कर ली। हालांकि पुलिस युवती को चंडीगढ़ से अमरवाड़ा लेकर आ गई है। युवती को चंडीगढ़ से लेकर आने वाली टीम में उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले, प्रधान आरक्षक जयसिंग बघेल, आरक्षक करण रघुवंशी एवं महिला आरक्षक अंजली बिसेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अपहरण कर ले जाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल

**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने अपहरण करके ले जाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार अपहरण कर ले जाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के प्रयास की घटना की वारदात को लेकर थाना प्रभारी अरुण कुमार मर्सकोले व्दारा थाना परासिया स्टाप को हुई घटना के आरोपी को पकडने हेतु जरुरी निर्देश दिये गये परासिया थाना की टीम व्दारा घटना के बाद ही आरोपियों को हमराह स्टाप के घेरबंदी कर पकडा गया। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 21 / 2026 धारा 296, 115(2), 140(3), 351(3), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों के कब्जे से एक आंटो जप्त की गयी है।

**गिरफ्तार आरोपीः** 01. सागर उर्फ बिट्टू डेहरिया पिता मनोज डेहरिया उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 07 चौंकी मोहल्ला परासिया 02. विक्की उर्फ मारु उर्फ अर्जुन डेहरिया पिता मनोज डेहरिया उम्र 24 साल निवासी वार्ड न. 07 चौंकी मोहल्ला परासिया, 03. विजेन्द्र उर्फ वरिन्द्र पात प्रवीण सिंह राजपूत उम्र 23 साल निवासी वार्ड न. 07 रानी दुर्गावती स्कूल के पास बी.जी. सायडिंग परासिया 04. राहुल राय पिता भगवानदास राय उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 09 चौंकी मोहल्ला परासिया, 05. सुमित यादव पिता नरेश यादव उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 8 चौंकी मोहल्ला परासिया

## पार्षद के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन, नगरपालिका स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

# नपा ने सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर पालिका परिषद परासिया ने नेता जी की जयंती पर शुक्रवार को सुभाषचंद्र बोस को याद किया । वार्ड क्रमांक आठ के सुभाष पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रतिमा का माल्यार्पण कर देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने आजाद हिंद फौज के योगदान पर अपनी बात कही । उन्होंने बताया , कि भारत माता के सच्चे सपूत डॉ सुभाष चंद्र बोस एक मात्र ऐसे महापुरुष हैं , जिनकी सिर्फ जन्म जयंती मनाई जाती है ।इनकी पुण्यतिथि नहीं मनाई जाती । सुभाष पार्क की बाउंड्री वाल बनवाने प्रतिमा का स्टैंड बनाने और नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क को सुसज्जित सुंदर करने की घोषणा को पूरा करने की उन्होंने बात कही । उन्होंने कहा कि इस वादे को पूरा किया जा रहा है । 39 लाख की लागत से पार्क का कायाकल्प किया गया है । बाउंड्री वाल बना दी गई है । उपकरण लगाए गए हैं । प्रतिमा के स्टैंड का निर्माण अंतिम चरण में है । कार्यक्रम में सुभाषचंद्र बोस और ,आजाद हिंद सेना के देश में आजादी की लड़ाई के इतिहास में योगदान को बताया । नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा , कि नगर पालिका ने महापुरुषों की प्रतिमाओं को उनके स्थल को बेहतर बनाने का काम किया है ।

इसके पीछे मंशा है कि लोग याद रखें , कि इन महापुरुषों ने क्या कठिनाईयां सहकर इस देश को आजादी दिलाई है ? इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश चौहान , सभापति संतोष डेहरिया , सीएमओ भरत गजबे उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन, गणेश देशमुख ने किया । आभार प्रदर्शन पार्षद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त नगरपालिका स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## कॉलेज चलो अभियान दल लगातार पहुंच रहा विकासखंड के विद्यालय

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव का कॉलेज चलो अभियान दल लगातार विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण कर रहा है इस दौरान भ्रमण दल द्वारा विद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज में प्राप्त होने वाली शासन की योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता में किस तरह सुधार किया जा रहे हैं और किस प्रकार रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को पढ़ाई जा रहे हैं इसकी भी जानकारी दी जा रही है। सोमवार से यह दल निरंतर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूलों का निर्माण कर रहा है सोमवार को दल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुर्रीकला पहुंचा था, मंगलवार को नगर के पंडित रविशंकर शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अल्पवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भ्रमण किया गया। बुधवार 10 अक्टूबर को दल सदस्यों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डूंगरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोरावाड़ी का निरीक्षण किया।उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने के दौरान कॉलेज चलो अभियान प्रभारी प्रो मनोज मालवीय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आर के चंदेल, डॉ रीना मेश्राम, प्रो मोहम्मद आबिद, डॉ राहुलभारती, डॉ नारद सिंह यादव, डॉ कैलाश गाकरे, राजेश माथनकर, लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी, प्रियंका साहू सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में ज्ञानेश्वर विश्वकर्मा को राष्ट्रीय सहसचिव की जिम्मेदारी

**जुन्नारदेव।** श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में नई ऊर्जा का संचार करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने जुन्नारदेव छिंदवाड़ा निवासी ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा को राष्ट्रीय सहसचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के माध्यम से प्रदेश कार्यालय गंजबासौदा से राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री रामराज विश्वकर्मा द्वारा की गई। ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा के राष्ट्रीय सहसचिव बनाए जाने से संगठन की गतिविधियों में न सिर्फ



विस्तार होगा, बल्कि देशभर के विश्वकर्मा समाज के बीच एकता, समन्वय और संगठनात्मक मजबूती को भी नई दिशा मिलेगी।संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि ज्ञानेश्वर सूरज विश्वकर्मा अपने नए पद पर पूर्ण निष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ कार्य करते हुए संपूर्ण भारत के विश्वकर्मा बंधुओं को एक माला में पिरोकर संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाजजनों एवं क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं और संगठन द्वारा किए गए इस निर्णय की सराहना की है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई में वार्षिकोत्सव का आयोजन, कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं का बढ़ाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई में जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने सामूहिक गीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति से आनंदित अतिथियों एवं पालकों की करतल ध्वनि से सभागार गूंज उठा। प्राचार्य धर्मराज यादव द्वारा आवासीय विद्यालय में बच्चों की दिनचर्या सहित खेलकूद गतिविधियों एवं विगत सत्र के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम की जानकारी साझा की गई। जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह ने अपने स्कूल के दिनों की याद करते हुए छात्र जीवन के अनुभव को याद करते हुए विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम एवं लगन से अध्ययन करते हुए अपने माता-पिता एवं परिवार की भावनाओं पर खरा उतरने हेतु प्रेरित किया गया। खेलकूद सहित विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण सिंह, अमरवाड़ा एसडीएम खेमकरण धुर्वे, सीडीपीओ ,तहसीलदार सुधीर मोहन अग्रवाल, थाना प्रभारी उमेश मार्को, परियोजना अधिकारी रत्नेश कुमार वैध, राजकुमार सूर्यवंशी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का प्राचार्य धर्मराज यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## करमोहनी बंधी के उपसरपंच ने दिखाई मानवता, अकेले किया गाय का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

ग्राम पंचायत करमोहनी बंधी के उपसरपंच मनीष सूर्यवंशी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक बेसहारा गाय का अकेले ही अंतिम संस्कार किया।जानकारी के अनुसार करमोहनी बंधी स्थित चीफ हाउस के पास एक गाय की मौत हो गई थी। बताया गया कि कुछ दिन पहले उस गाय को एक पागल कुत्ते ने काट लिया था, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। शुक्रवार को गाय की हालत गंभीर होने पर उपसरपंच मनीष सूर्यवंशी ने डॉक्टर को बुलवाया, लेकिन डॉक्टर के पहुंचने से पहले ही गाय की मृत्यु हो चुकी थी।गाय की मृत्यु के बाद जब आसपास कोई सामने नहीं आया, तब उपसरपंच मनीष सूर्यवंशी ने स्वयं आगे बढ़कर गाय का अंतिम संस्कार किया। उनके इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है।स्थानीय लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह की संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग की बैठक सुकरी हनुमान मंदिर में संपन्न



**जुन्नारदेव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला परासिया की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जुन्नारदेव नगर के प्राचीन सुकरी स्थित श्री हनुमान मंदिर में किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी ने मंचाशीन विभाग मंत्री ऋषिराज वैश्य, जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह भामरा, विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी, जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी, जिला संयोजक राधेश्याम यदुवंशी का स्वागत किया। बैठक मे जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी ने दिनांक 15 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक धर्मरक्षा निधी संकलन अभियान चलाया जाने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। विभाग मंत्री ऋषिराज वैश्य ने राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल नीरज दोनेरिया के छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान दिनांक 28/12/2025 को शौर्य यात्रा मे सम्मिलित होने की जानकारी दी एवं शौर्य यात्रा मे बजरंग दल कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या मे उपस्थिति देने की अपील की। विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी ने शौर्य यात्रा मे ग्रामीण, नगरीय एवं जिला कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण संबंधित कार्ययोजना से अवगत कराया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश वर्मा, जिला सहमंत्री प्रकाश विश्वकर्मा, गौरक्षा प्रमुख गजानंद यदुवंशी, जिला विद्यार्थी प्रमुख संदेश यदुवंशी, जिला सहसंयोजक अक्षय सिंह सेंगर, जिला सह संयोजक गगन साहू, नगर संयोजक आयुष साहू न्यूटन, सतीश वर्मा प्रखंड गौरक्षा प्रमुख, प्रखंड मंत्री नितिन नागेश, बलराम यदुवंशी, राज कैथवास, गोलू चौकसे, राहुल आम्रवंशी, श्रीकांत रगड़े , सौरभ नागवंशी, सतीश वर्मा, मनेश पटेल, अभिषेक यदुवंशी, अखलेश विश्वकर्मा, आयनेश चौकसे, अंकुर सोनी, अमन हनवेती, नंदकिशोर यदुवंशी, बाला यदुवंशी, आशीष यदुवंशी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महंगाई के दौर में खर्चीली शादी और झूठी शान से बचने के लिए सरकार करवा रही सामूहिक विवाह- विवेक पटेल



**वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलाँजी के ग्राम किन्ही में शुक्रवार 23 जनवरी बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुव्यवस्थित रूप से 200 जोड़ों का विवाह संपन्न करवाया गया। जिसमें 157 हिंदू जोड़े, 21 अनुसूचित जनजाति, 22 अनुसूचित जाति के जोड़ों का उनके धार्मिक रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न हुआ।

इसके पूर्व ग्राम किन्हीं में स्थित कृषि उपज मंडी परिसर से विधायक विवेक विक्की पटेल के नेतृत्व में सभी दूल्हे की बारात धूमधाम से गाजे बाजों के साथ निकाली गई। इस बारात में सामाजिक पदाधिकारी के साथ परिवारजनों ने ढोल बाजे एवं डीजे की धुन पर थिरकते हुए बारात लेकर ग्राम किन्हीं के मैदान पर पहुंचे। जहां पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल सहित अधिकारियों द्वारा बारातियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंच पर बैठे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम सनातन संस्कृति के तहत जोड़ों का वैदिक मंत्रों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। सभी अतिथियों ने विवाह सूत्र में बंधे जोड़ों पर अक्षत एवं पुष्प वर्षा करते हुए सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, भूतपूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, जनपद अध्यक्ष आशु गुनीराम बघेले, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला, जनपद सदस्य मुकेश लिमजे, नूतन बिसेन, बुधराम बिसेन, सुनील हिरकने, सुरेन्द्र उपवंशी, अनिल चौधरी, मुकेश पालेवार, राजकुमार चौधरी, सतू बिसेन, संदेश बिसेन सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह में परिवार को नहीं लेना पड़ता कर्ज-विवेक पटेल

इस अवसर पर उपस्थित वर वधू व उनके परिजनों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यह सरकार की एक अच्छी पहल है, जिसमें गरीब वर्ग के लोगों को सामूहिक विवाह में विवाह करने का मौका मिलता हैं। जो लोग अपने बेटी-बेटा का विवाह करने में सक्षम नहीं होते हैं, उनके लिए शासन द्वारा यह योजना वरदान साबित हो रही हैं। गरीब परिवार की बेटी के जब हाथ पीले करने होते हैं, तो पिता को कर्ज लेना पड़ता था। लेकिन जब से मुख्यमंत्री द्वारा योजना प्रारंभ की गई हैं, तब से स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया है। सामूहिक विवाह में परिवार को कर्ज लेना भी नहीं पड़ता है, कम से कम खर्च में दोनों परिवार का कार्यक्रम सम्पन्न हो जाता है। मगर कई गरीब परिवार को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हर माता-पिता चाहता है कि मै अपने बच्चों के लिए एक छोटा सा सोना खरीदूं। पहले 5 हजार रुपये सोने का रेट था, आज लाखों रुपए के पार हो गया है। इस महॅगाई के दौर में खर्चीली शादी और झूठी शान से बचने के लिए सामूहिक विवाह सरकार करवा रही है।

भूतपूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा कि मै जब खैरलांजी से विधायक था, तब इस मैदान को बचाकर रखा था। नहीं तो यहां पर भी अतिक्रमण हो जाता। आज यहीं मैदान काम आ रहा है। कन्या सामूहिक विवाह सरकार की एक अच्छी पहल है। मगर 50 हजार रुपए देकर कुछ नहीं होता, इस राशि को बढ़ाना चाहिए। यहां से शादी करने के बाद कोई भी दूसरी बार शादी ना करे। बल्कि मिली हुई राशि को बचाकर अपने भविष्य को बनाए। अपना बड़प्पन बताकर हजारों बारातियों को भोजन ना कराए। माता-पिता बड़े मुश्किल से अपने बच्चों को बड़ा करता है और कर्ज लेकर अपने बच्चों का विवाह करता है।

### नगरपालिका ने आनंद उत्सव का किया आयोजन

## नागरिकों ने कुर्सी दौड़, रस्साकसी सहित अन्य खेलों में भाग लिया

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन आनंद विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश अनुसार जीवंत सामुदायिक जीवन, नागरिकों के जीवन में आनंद का संचार करता हैं, इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष दिनांक 14 जनवरी से 28 फरवरी के मध्य आनंद उत्सव आयोजित किया जाता हैं। आनंद उत्सव आयोजन के संबंध मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि आनंद उत्सव मध्यप्रदेश शासन आनंद विभाग द्वारा संचालित हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना हैं। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता हैं, इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासन के दिशा निर्देश अनुसार आनंद उत्सव का आयोजन निकाय स्तर पर रानी अवंती बाई स्टेडियम में किया गया।

विदित हो कि रानी अवंती बाई स्टेडियम में 26 जनवरी की परेड रिर्हसल चल रही हैं। इससे आनंद उत्सव के दौरान कार्यक्रम स्थल पर मुख्य द्वार से बैण्ड की धुन पर परेड करते हुए जनप्रतिनिधियों को आनंद उत्सव स्थल पर लाया गया, जो आकर्षण का केन्द्र बना। इसके उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पार्षद योगेन्द्र मोनू लिमजे, पार्षद पवन धुर्वे, पूर्व पार्षद मनोज दांदरे व मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आनंदक विलास उरकुड़े द्वारा आनंद विभाग एवं आनंद संस्थान की विस्तृत रूपरेखा एवं आनंद उत्सव पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सीएमओ सूर्यप्रकाश उके द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि नगरपालिका परिषद द्वारा नागरिकों को स्वस्थ, सकारात्मक एवं तनावमुक्त जीवन शैली से जोडऩे हेतु शासन के निर्देशानुसार ऐसे कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता हैं। नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे ने कहा कि आनंद उत्सव के माध्यम से परम्परागत खेलों को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नगरपालिका की कार्यप्रणाली से जनता असंतुष्ट- डॉ. योगेन्द्र निर्मल

## भूतपूर्व विधायक ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल

**वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी जनता की आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। शंकर तालाब में सौन्दर्यीकरण के नाम पर राशि खर्च की गई, लेकिन विकास नजर नहीं आ रहा है। नगरपालिका के कर्मचारियों का ईपीएफ, जीपीएफ की राशि जमा नहीं की जा रही है, अतिक्रमण के नाम पर मनमानी की जा रही है, संपति कर पर जीएसटी लगाकर जनता को परेशान किया जा रहा है। नगर में विकास कार्यो को लेकर कोई दूरदर्शिता नजर नहीं आ रही है।

इस आशय के आरोप भूतपूर्व विधायक व भूतपूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र निर्मल ने अपने निवास स्थान पर आयोजित प्रेसवार्ता में नगरपालिका पर लगाये। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका के कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को ईमानदारी और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने की नसीहत भी दी।



### लाखों खर्च, लेकिन शंकर तालाब का विकास कहॉ?

उन्होंने कहा कि नगरपालिका से आम जनता संतुष्ट नहीं हैं। नगरपालिका में 12 वर्षो से पहले कांग्रेस, फि र बाल्टी और अब भाजपा के पूरे पार्षद हैं। लेकिन नगरपालिका को वास्तव में चला कौन और कैसे रहा है? यह सोचनीय बात है। उन्होंने कहा कि शंकर तालाब के लिए बहुत राशि आई, तो इसमें विकास कार्य का क्या हुआ और उससे आम जनता को क्या लाभ हैं? बार बार यहां अतिक्रमण का मुद्दा उठता है, तो उस अतिक्रमण को छोड़ कर जो खाली जगह हैं, उसमें क्या काम हुआ?

### शंकर तालाब में फेंक रहे कचरा

उन्होंने शंकर तालाब के पास कचरा फेंकने के मामले को उठाते हुए उसके आसपास रहने वाले परिवारों को घेरते हुए कहा कि आज प्लास्टिक खाकर पशु बीमार होते हैं, मालिकों को इलाज में हजारों रुपए का खर्च आता है। प्लास्टिक जलता हैं, तो प्रदूषण होता है। जैसा तालाब के पास प्लास्टिक जलाने पर पूरा धुआँ नगर में फैलता है, अब इसके दुष्परिणाम आम इंसान पर क्या होंगे, इसे कोई नहीं समझ रहा है। शंकर तालाब के आसपास रहने वाले नागरिक प्लास्टिक का कचरा फेंक रहे हैं, उन्हें कोई नहीं रोक रहा है। सुबह से कचरा उठाने वाले निकलते हैं, तो लोग घर के सामने कचरा तक नहीं रख रहे हैं, ताकि वह उठाया जा सके, तो सफ ाई कैसे रहेगी? जितना पैसा शंकर तालाब में लगा हैं, उसका आउटपुट क्या है? यहां कार्यो के लिए टी एस, ए एस अतिक्रमण के अलावा शेष जमीन के लिए हुआ होगा, तो उस जमीन पर भी कार्य हुआ है क्या? नगरपालिका के टेक्निकल कर्मचारी क्या काम देख रहे है।

### रैनबसेरा अधिकारी आया तो चालू, गया तो बंद, इसका क्या मतलब?

उन्होंने नगरपालिका द्वारा सडक़ों व अन्य स्थानों पर सोने वाले गरीबों के लिए प्रारंभ किए गए रैनबसेरा पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जब अधिकारी आते है, तो रैन बसेरा चालू हो जाता है और उनके जाते ही वह बंद हो जाता है। ऐसे रैन बसेरे का क्या मतलब है?

### कर्मचारियों की जीपीएफ व ईपीएफ की राशि वर्षो से जमा नहीं

कर्मचारियों की वर्षो से जीपीएफ , ईपीएफ की राशि जमा नहीं हुई हैं, लाखों रुपए बाकी है। राशि जमा नहीं होने पर आवश्यकता होने पर कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं हो रही है, वह क्या करेंगे, 6000 रुपये वेतन दे रहे हैं। अभी महाराष्ट्र हाई कोर्ट का फैसला आया कि न्यूनतम वेतन दिया जाए, अगर न्यूनतम वेतन कर्मचारी को नहीं दोगे, तो यह भी उस कर्मचारियों के साथ भेदभाव है। आज नगरपालिका में कई पढ़े लिखे और टेक्निकल लोग हैं, उन्हें कुशल श्रमिक तक नहीं बनाया जा रहा है।

### फिल्टर प्लांट में कार्य करने वाले कर्मचारियों को नहीं दे रही सुविधा

भूतपूर्व विधायक डॉ निर्मल ने डोंगरिया के फि ल्टर प्लांट में कार्य करने वाले कर्मचारियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वहां कर्मचारी बहुत बुरी हालत में रहते हैं, घर से बिस्तर ले जाते हैं, सोने बैठने की व्यवस्था नहीं है। फिल्टर प्लांट जंगल में हैं, जंगली पशु और सांप, बिच्छू का डर हैं, तो श्रमिकों की सुरक्षा पर क्या कर रहे हैं?

### लीज के नये नियम बनवाने विधायक विधानसभा में रखे बात

उन्होंने लीज पर दी गई भूमियों के वर्षो पुराने नियमों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आज भी पुराने नियम की लीज ट्रांसफ र नहीं होगी, ही चल रहे है। जबकि वर्षो से लीज की भूमि पर बने हुए कमरों को खरीदने-बेचने का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक को चाहिए कि वह फ रवरी 26 में विधानसभा में इस मुद्दे को रखे और नगरीय निकाय के पुराने नियमों में संशोधन करवाने का प्रयास करे, जिससे लोगों को राहत मिले। क्योंकि वैसे भी नियमों की धज्जियां तो उड़ ही रही है। नियमों के नाम पर फि र कुछ गलत होता हैं, तो कहते हैं कि भ्रष्टाचार हो रहा है।

### स्कूल की जगह पर काम्प्लेक्स बनाकर अपने लोगों को दे रह

उन्होंने कहा कि बिना सोचे विचारे कहीं भी तोड़ फोड़ कर काम्प्लेक्स बनाये जा रहे हैं। नगरपालिका पंच महाभूत पर चलती हैं, यह पांच चीज जल, शिक्षा, प्रकाश, सडक़, सफ ाई है। कहीं भी कुछ भी बना रहे है, पार्किंग का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा हैं? स्कूल की जगह पर निर्माण कर अपने लोगों को 40-40 लाख रुपये में बेच रहे हैं? क्या इन्हें बेरोजगार नहीं दिख रहे है। मैं विधायक था, एसडीएम ने मुझे स्टेडियम के लिए सांदीपनी स्कूल की जगह बताई थी, तो हमने मना कर दिया कि कभी कोई पॉलिसी आई, तो स्कूल विस्तार कहां करेगें, जमीन कहां से लाएंगे? आज वह सांदीपनी स्कूल देख रहे हैं। जमीन कैसे बचाएं, यह सोच नहीं है। एक व्यक्ति के अधिकार को पूरे तरीके से जो करना हैं, आगे बढ़ा रहे हैं। किंतु संदेश अच्छा नहीं हैं, नगर पालिका वास्तव में सेवा का स्थान है। जनता के पैसे से कर्मचारी, अधिकारी वेतन लेते हैं, तो वह ईमानदारी से काम करें और जनता ने जिसे चुना हैं, वह भी ईमानदारी से कम करें। नगरपालिका में आज जो भी चल रहा है, वह टके सेर भाजी, टके सेर खाजा की तरह चल रहा है।

### किस नियम से नगरपालिका लगा रही जीएसटी?

उन्होंने नगरपालिका द्वारा संपत्ति कर पर लगाए गए जीएसटी पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या नगरपालिका को जीएसटी लगाने का अधिकार है? उसके द्वारा किस नियमों के तहत जीएसटी लगाकर संपत्ति कर बढ़ा कर जनता पर बोझ डाल दिया गया है। ऐसा लगता है जैसे जजिया कर दे रहे हो। जबकि सरकार जीएसटी में सुविधा देने की बात कर रही है। उन्होंने पोर्टल और रिसिप्ट में अलग अलग कर की राशि बताने पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि इस मामले में कुछ लोग कोर्ट भी गए हैं। ऐसे दोहरे नियम नगर पालिका में चल रहे हैं। यह नगर और नगर के विकास के लिए ठीक नहीं है। हम इसका जबरदस्त विरोध करते हैं और आगे भी ऐसी कुछ बातें आएगी, तो उस पर हम अपनी बात रखेंगे।

## खबर संक्षेप

### नरवाई प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर नरवाई प्रबंधन की आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने नरवाई जलाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल उपायों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं के अंतर्गत नरवाई प्रबंधन में उपयोगी उन्नत कृषि यंत्रों को अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

# साईं उत्सव में शेमरॉक स्कूल के विद्यार्थियों की सराहनीय सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर में आयोजित साईं उत्सव के दौरान शेमरॉक जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल, सिवनी के विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उत्सव के धार्मिक व सांस्कृतिक वातावरण में विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति सराहना का विषय रही।

कार्यक्रम में कक्षा 7वीं की छात्रा परिधि खरे, कक्षा 6वीं के शुभ श्रीवास, थवनेश बाकले, आयुष डहेरिया, अक्षांश रजक, ऋषभ गोल्हानी तथा कक्षा 4वीं की छात्रा शिवांशी श्रीवास्तव ने भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में संस्कार, अनुशासन एवं सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित होती है। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई।



# प्रशिक्षण योजनाओं व प्लेसमेंट की हुई विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरूवार को शासकीय आईटीआई, सिवनी में जिला कौशल समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित 8 शासकीय आईटीआई में उपलब्ध ट्रेड्स, उनमें पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों की संख्या तथा संस्थावार परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई।

वर्ष 2025-26 में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट की प्रगति पर चर्चा करते हुए चयनित अभ्यर्थियों एवं रोजगार की स्थिति की जानकारी ली गई तथा उद्योगों से बेहतर समन्वय स्थापित कर प्लेसमेंट को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 16 ट्रेड्स में संचालित प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना अंतर्गत स्टाइपेंड प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में शामिल विभिन्न जॉब रोल्स की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन स्थानीय आवश्यकता एवं बाजार मांग के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर इंस्टॉलेशन एवं सोलर तकनीशियन प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं, जिनका लाभ युवाओं को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्थानों से निकलने वाला प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी अपनी फील्ड में सफल हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर संस्थानों में हॉल ऑफ फेम विकसित करने तथा उन्हें अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रेरणादायी संवाद हेतु आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार, आधुनिक तकनीक आधारित ट्रेड्स के संचालन तथा भविष्य की मांग के अनुरूप कौशल विकास गतिविधियों के विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, सहायक संचालक उद्यानिकी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी सहित जिले के सभी आईटीआई के प्राचार्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पॉलिटेक्निक ग्राउंड पर सद्भाव ग्रुप एवं मिशन स्कूल ग्राउंड पर पार्षद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में क्रिकेट प्रेमियों के लिए दो अलग-अलग मैदानों पर रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पॉलिटेक्निक ग्राउंड पर सद्भाव ग्रुप के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जबकि मिशन स्कूल ग्राउंड पर पार्षद कप के नाम से प्रतियोगिता का आयोजन होगा। पॉलिटेक्निक ग्राउंड में दिन के समय मैच खेले जाएंगे, वहीं मिशन स्कूल ग्राउंड में दूधिया रोशनी में रात्रिकालीन मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। दोनों ही प्रतियोगिताओं में जिलेभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। दोनों ही आयोजन समितियों द्वारा विद्यार्थियों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मैचों के समय निर्धारण में विशेष सावधानी बरती जाएगी, ताकि पढ़ाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। आयोजकों के अनुसार इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा देना और जिले की खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

# लोकायुक्त : बरघाट साल्हे कोसमी का ग्राम रोजगार सहायक 5 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जल्दी नाम जोडने और जल्दी राशि दिलवाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



बरघाट तहसील की ग्राम पंचायत साल्हे कोसमी के ग्राम रोजगार सहायक ओमेंद्र कुमार पारधी को लोकायुक्त जबलपुर टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है। ग्राम रोजगार सहायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जल्दी नाम जोडऩे और जल्दी राशि दिलवाने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी।लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने ट्रेप कार्यवाही की है। आवेदक अब्दुल वाहब पिता मान्बुद खान निवासी ग्राम साल्हे कोसमी थाना बरघाट जिला सिवनी ने बताया था कि ओमेंद्र कुमार पारधी पिता जगन्नाथ पारधी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत साल्हे कोसमी तहसील बरघाट जिला सिवनी द्वारा आवेदक की पत्नी सबीना बी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम साल्हे कोसमी में आवास योजना में सबसे पहले नाम जोडऩे एवं आवास की राशि 150000 रूपये का आवंटन जल्दी कराने के लिए 5 हजार रुपये की मांग की जा राजी थी। आज आरोपी के घर ग्राम साल्हे कोसमी बरघाट में 5000 रुपए लेते ग्राम रोजगार सहायक को रंगे हाथों उसके निज निवास से ट्रैप किया गया है। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)क्च, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

इस कार्यवाही में प्रभारी डी एस पी नीतू त्रिपाठी, शशि मर्सकोले निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा।

# 14 जनवरी को खत्म हो चुका खरमास, शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण 4 फरवरी से फिर सुनाई देगी शहनाई की गूंज



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मकर संक्रांति से मलमास (खरमास) तो समाप्त हो गया था लेकिन अभी 13 दिन और शादी की शहनाइयां बजने का इंतजार करना होगा। शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण जनवरी में कोई लग्न मुहूर्त नहीं है। हालांकि 23 जनवरी को वसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त में तगड़ा सहालग रहेगा। है। इसके उदित होने के बाद 4 फरवरी को सीजन का पहला सहालग होगा। पूरे साल में 53 दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे। आमतौर पर मकर संक्रांति के बाद शादी विवाह की शुरुआत हो जाती है।

वहीं जिन परिवारों में फरवरी माह में शादियां हैं उन्होंने खरीदारी प्रारंभ कर दी है, जिसके चलते बाजार फिर से गुलजार होने लगे हैं। खरीदारी के लिए 25 जनवरी को रवि योग, 27 व 28 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग, 29 जनवरी को मृगशिरा नक्षत्र, जया एकादशी, 1 फरवरी को रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, 2 फरवरी को सोम पुष्य जैसे विशेष योग भी पडऩे जा रहे हैं।

### ये रहेंगे 2026 में विवाह मुहूर्त

फरवरी-4, 6,10,19 व 20
मार्च -9, 10 व 11
अप्रैल - 19, 20, 21, 25, 26, 29 व 30
मई -3, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 13 व 14
जून - 19, 20, 22, 23, 24, 26, 27 व 29
जुलाई - 1, 3, 4, 6, 7, 8, 9, 11 व 12
नवंबर -21, 22, 24, 25, 26 व 30
दिसंबर- 2, 3, 4, 5, 11 व 12

### विवाह के अबूझ मुहूर्त

23 जनवरी - वसंत पंचमी
19 फरवरी - फुलेरा दूज
26 मार्च -रामनवमी
19 अप्रैल -अक्षय तृतीया
25 अप्रैल- जानकी नवमी
1 मई- पीपल पूर्णिमा
25 मई -गंगा दशहरा
22 जुलाई -भड़लिया नवमी
20 नवंबर - देवउठनी एकादशी

### 2026 में विवाह के शुभ मुहूर्त- कब हैं और कब नहीं?

विवाह के लिए सही मुहूर्त का चयन करना बहुत अहम है, क्योंकि यह जीवन भर के रिश्ते की शुरुआत होती है। हर वर्ष के साथ विवाह के शुभ मुहूर्तों में बदलाव आता है और इन तारीखों को ध्यान में रखकर ही शादी के सारे इंतजाम किए जाते हैं। खासकर जब महंगे विवाह स्थल पहले ही बुक हो जाते हैं, तो मुहूर्त की सही जानकारी पहले से होना बहुत आवश्यक है। ज्योतिषाचार्य डॉ.हुकुमचंद जैन के अनुसार, 2026 में कई विवाह मुहूर्त उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ खास समय होते हैं जब शादी का मुहूर्त नहीं बनता। विशेष रूप से 15 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक धनु मलमास चल रहा है और 13 दिसंबर से 29 जनवरी 2026 तक शुक्र तारा अस्त रहेगा, जिससे 3 फरवरी 2026 तक कोई शुभ विवाह मुहूर्त नहीं होगा।

### फरवरी 2026 से लेकर दिसंबर 2026 तक पडऩे वाले शुभ मुहूर्त

4 फरवरी 2026 : 08 रेखा में मुहूर्त
5 फरवरी 2026 : 07 रेखा में मुहूर्त
9 मार्च 2026 : 07 रेखा में मुहूर्त
20 अप्रैल 2026 : 10 रेखा और 09 रेखा में मुहूर्त

### इन विशेष समय पर विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे

14 मार्च से 14 अप्रैल 2026- मीन मलमास
17 मई से 15 जून 2026 -ज्येष्ठ अधिक मास
25 जुलाई से 20 नवंबर 2026- देव शयन काल

### सराफा बाजार में खरीदारी का दौर

भले ही सोना और चांदी के दाम लगातार बढ़ रहे हों लेकिन सहालग सीजन के चलते सराफा बाजार में खरीदारी का दौर दिखने लगा है। सोना-चांदी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि शादी-विवाह के लिए हल्के गहने खरीदार पसंद कर रहे हैं। कैटरर्स ने बताया कि काफी बुकिंग हैं और फरवरी माह पूरी तरह से बुक है।

# बसंतोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

### विद्यारंभ संस्कार सरस्वती शिशु मंदिर का अभिनव आयोजन

### लगभग 400 नन्हे मुन्ने शिशुओं ने प्रारंभ की वैदिक पद्धति से अपनी शैक्षणिक यात्रा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा विद्यालय सिवनी में ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के जन्मोत्सव पर बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजन का आयोजन बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शिशु मंदिर परिवार द्वारा किया गया। आयोजन का शुभारंभ मॉं वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वैदिक विधि विधान से किया गया। तत पश्चात मंचासीन अतिथियों का तिलक चंदन वंदन पुष्पाहार से स्वागत आचार्य परिवार द्वारा किया गया। महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास की अध्यक्ष डॉ श्रीमती पुष्पा टेकाम, वरिष्ठ समाजसेवी साहित्यकार श्रीमती मनोरमा शर्मा, विद्याभारती महाकौशल प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारी अरूण पटेवार, विद्याभारती महाकौशल प्रांत के प्रादेशिक सहसचिव नितिन चौधरी, जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल, प्रांत अंकेक्षण प्रमुख श्री रामबहोरी पटेल, विभाग समन्वयक मनोज पुरी गोस्वामी विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक साहू, उपाध्यक्ष नूपेश ठाकुर, भाजपा महामंत्री गजानंद पंचेश्वर ईशान सिंह, वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ दिनेश शर्मा, अतिथियों के रूप में आयोजन में उपस्थित रहे। समस्त मंचासीन अतिथियों का परिचय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने दिया एवं स्वागत पाली प्रमुख जीतेन्द्र सोनी, प्रकाश गुप्ता, कृष्णमुरारी दुबे, शिवांशु गठोरिया एवं सौ. शुभांगी पटेवार ने किया।

अतिथि स्वागत एवं सम्मान के उपरांत मॉ सरस्वती के अभिनंदन में नन्हें मुन्ने भैया-बहिनों द्वारा आकर्षक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। आनंद दायक कार्यक्रमों को देखकर उपस्थित जनसमूह आनंद विभोर हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत 400 से अधिक नन्हें मुन्ने भैया-बहिनों का पाटी पूजन, विद्यारंभ संस्कार एवं जिव्हा जागरण वैदिक विधि विधान से किया गया। स्लेट पर ॐ लेखन किया गया।

# 5 वर्षीय मासूम के साथ बलात्कार करने वाले दरिंदे को 20 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना उगली के अंतर्गत ग्राम में होने वाली जघन्य और दरंदगी घटना का यह मामला वर्ष 2024 का है आरोपी बोरा ऊर्फ राजेन्द्र के द्वारा 5 वर्षीय मासूम बच्ची को उसके घर में अकेला पाकर उसे डरा धमका कर बलात्कार कर घिनौना कार्य किया था। जिसकी रिपोर्ट पीडिता के घरवाले ने थाना उगली में लिखाये थे, पुलिस के द्वारा पीडिता का डाक्टरी मुलाहिजा करवाया गया एवं अन्य मौखिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाये गये जिसमें आरोपी का डाक्टरी मुलाहिजा और रक्त नमूना लेकर DNA करवाया गया और मासूम पीड़िता और परिवार के अन्य मौखिक और फॉरेसिंक साक्ष्य संवेदनशीलता के साथ जुटाए गए । आरोपी के द्वारा पीडिता के साथ बलात्कार करना पाये जाने पर उसके विरुद्ध विवेचनाधिकारी उपनिरीक्षक सदानंद गोदेवर के द्वारा विहित अवधि में माननीय विशेष न्यायालय मे अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया जहां पर सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक / सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री नवल किशोर सिंह के द्वारा मामले की बड़ी ही संवेदनशीलता और सजगता के साथ गवाहों कथन कराए गए और सबूतो को प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा समस्त गवाहों एवं सबूतों एवं अभियोजन एवं बचाव पक्ष के तर्कों के आधार पर आरोपी राजेन्द्र ऊर्फ बोरा को धारा 65(2) बीएनएस में 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000/- अर्थदंड एवं धारा - 5(एम)/6 में 20 वर्ष सश्रम करावास एवं 1000/- जुर्माना से दंडित करने का निर्णय दिया है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026: जूडो चयन में भारी गड़बड़ी, कलेक्टर से की गई शिकायत, बॉक्सिंग सचिव पर भ्रम फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत जूडो खेल की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और भ्रामक सूचनाओं का मामला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण में बॉक्सिंग सचिव सोहन लाल सेन की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जूडो ट्रायल 19 जनवरी 2026 को आयोजित होना था। सिवनी जूडो जिला इकाई के पंजीकृत न होने के कारण खिलाडिय़ों को मंडला जिले में चयन स्पर्धा में भाग लेना था। इसके लिए खेल विभाग द्वारा प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा एवं यशवंत सिंह राजपूत(क्रीड़ाधिकारी, केवलारी) को अधिकृत रूप से नियुक्त किया गया था।

इसके बावजूद कलेक्टर और खेल विभाग के निर्देशों की अनदेखी करते हुए अधिकृत प्रशिक्षकों को हटाकर चयन प्रक्रिया बॉक्सिंग सचिव सोहन लाल सेन के माध्यम से कराई गई। सूत्रों के अनुसार यह चयन कुछ अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर संपन्न कराया गया।



आरोप है कि सोहन लाल सेन द्वारा जिला स्तरीय जूडो ट्रायल को राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता बताकर प्रचारित किया गया, जिससे खिलाड़ी एवं अभिभावक भ्रमित हो गए। जबकि वास्तविक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 30 जनवरी 2026 तक सागर में आयोजित होना प्रस्तावित है। जिला स्तरीय चयन को राज्य स्तरीय बताना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार चयन में शामिल कई खिलाड़ी जूडो से प्रशिक्षित न होकर बॉक्सिंग से जुड़े थे। प्रतियोगिता जूडो के निर्धारित रिंग (टाटामी) पर आयोजित की गई, जहां खिलाडिय़ों को जूते पहनकर उतरने की अनुमति दी गई, जो जूडो नियमों के विरुद्ध है। इस नियमविरोधी प्रक्रिया के चलते कई योग्य जूडो खिलाड़ी चयन से वंचित रह गए। मामले पर जब खेल विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने गलती होना स्वीकार किया, लेकिन जिम्मेदारी लेने से बचते नजर आए।

## सिद्ध हनुमान मंदिर में भक्ति भाव से मनाया गया चतुर्थ पाटोत्सव

# आकाश नामदेव, लोकेश शुक्ला व राजू भैया की भजन प्रस्तुतियों ने बांधा समां

### भजनों और सुंदरकांड पाठ से सराबोर हुआ मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर मुंगवानी कलां स्थित सोसायटी परिसर के समीप सिद्ध हनुमान मंदिर में गुरुवार 22 जनवरी 2026 को चतुर्थ पाटोत्सव समारोह श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे दिन विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।पाटोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सिंघौड़ी निवासी विद्वान पुरोहित पंडित हरिप्रसाद मिश्रा के



मार्गदर्शन में प्रातः 10 बजे से महाबली श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत अभिषेक, हवन-पूजन, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा, विशेष हवन एवं पूर्णाहुति सहित समस्त वैदिक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंत्रोच्चार से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा के सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप के संचालक सुप्रसिद्ध भजन गायक आकाश नामदेव ने मां-बाप से बढ़कर जमाने में कोई चीज नहीं गज़ल की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात उन्होंने झूला झूलन आ गए कन्हैया, भोला वरदानी, बड़ो छल बलिया ओ मैया कान्हा तुम्हारो जैसे एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में महाकौशल क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भजन गायक पंडित लोकेश शुक्ला ने हनुमान चालीसा एवं श्री राम जानकी बैठे हैं सीने में भजन प्रस्तुत किया। वहीं राजू भैया (बाधी) ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे एवं हनुमान की पूजा से सब काम होता है सहित सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शिवकुमार पिटनिया ने भी भजन प्रस्तुति दी। अन्य सहयोगी कलाकारों में धनंजय सनोडिया, मोहन उपाध्याय (गुड्डू पटेल), महेंद्र चौहान, ठाकुर रंजीत सिंह सहित अन्य कलाकार उपस्थित रहे। देर शाम तक चले भजन-कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। उल्लेखनीय है, कि 22 जनवरी 2022 को शुभ मुहूर्त में महाबली श्री हनुमान जी महाराज के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की गई थी। तभी से प्रतिवर्ष पाटोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।

## पाखी यादव को ओलंपियाड में मिला गोल्ड मेडल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पाखी यादव पिता विनोद यादव उदय पब्लिक स्कूल की चौथी क्लास की छात्रा है। जिसे ओलंपियाड में गोल्ड मेडल मिला है।

**खबर संक्षेप**

### कुपोषित बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

कुपोषण से ग्रस्त बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को बालाघाट जिले में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन तथा परियोजना अधिकारी बालाघाट ग्रामीण श्री शैलेंद्र चौकसे के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 08, भरवेली में किया गया, जिसमें अति गंभीर कुपोषित, मध्यम गंभीर कुपोषित एवं अति कम वजन (एसएएम, एमएएम एवं एसयूडब्ल्यू) श्रेणी के बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन कर आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में बच्चों को एमोक्सीसिलिन, आयरन सिरप, मल्टीविटामिन एवं एल्बेंडाजोल जैसी आवश्यक औषधियां प्रदान की गईं। इस स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाना, समय पर उपचार उपलब्ध कराना तथा कुपोषण की समस्या को प्रभावी रूप से नियंत्रित करना रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस प्रकार के नियमित शिविरों के माध्यम से बच्चों के समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है।

### मलाजखंड शिविर में तीसरे दिन 70 छात्र छात्राओं के बनाए गए लर्निंग लायसेंस

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट द्वारा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं के लर्निंग एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को सरल, सुलभ एवं समयबद्ध परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में 23 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में शिविर के तीसरे दिन 70 छात्र-छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। इनमें 46 छात्राएं एवं 24 छात्र शामिल रहे। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि इस शिविर के अंतर्गत छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस निःशुल्क बनाए जा रहे हैं, जबकि छात्रों के लिए 274 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। परिवहन विभाग की इस पहल से विद्यार्थियों को लाइसेंस बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और महाविद्यालय परिसर में ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 23 जनवरी को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिले की सभी तहसीलों के एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलों में फॉर्मर रजिस्ट्री की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा इससे संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाए। नक्शा तरमीम की समीक्षा के दौरान उन्होंने बैहर एसडीएम को निर्देशित किया कि शेष नक्शों को शीघ्र पोर्टल पर अपलोड कराया जाए, ताकि संबंधित रिपोर्टों में सुधार किया जा सके। बैठक में स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग एवं आरओआर (रिकॉर्ड ऑफ राईट्स) इंट्री की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री मीना ने जिन तहसीलों में राजस्व वसूली 30 प्रतिशत से कम पाई गई, वहां के एसडीएम को वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े ज्ञात एवं अज्ञात वाहनों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में दुर्घटना सहायता राशि पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत भूमि बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने तथा अतिक्रमण वाले स्थलों को खाली कराने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी की समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में महिला-पुरुष प्रसाधन अलग किए गए

जिला चिकित्सालय के मेडिकल वार्ड में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिला एवं पुरुष प्रसाधनों को अलग-अलग प्रारंभ कर दिया गया है। पूर्व में दोनों प्रसाधन एक ही परिसर में थे तथा उनके दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए थे। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए अब महिला एवं पुरुष प्रसाधनों को पृथक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग एवं पुराने मरीजों को घुटनों में दर्द की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक प्रसाधन में एक-एक यूरोपियन सीट भी लगाई गई है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी प्रसाधनों का रंग-रोगन एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में ट्रॉमा यूनिट के बाएं हिस्से में समस्त पाइपलाइन की मरम्मत कर दी गई है तथा पानी के रिसाव को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब वहां किसी भी प्रकार की गंदगी या जलभराव की स्थिति नहीं है। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने कुछ समाचार पत्रों एवं वीडियो में प्रकाशित खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कहना कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) अवॉर्ड पैसे देकर प्राप्त किया गया है, पूर्णतः निराधार एवं अनुचित आरोप है। उन्होंने स्पष्ट किया कि NQAS टीम भारत सरकार द्वारा गठित की जाती है, जिसमें मुंबई, कोलकाता एवं पुणे से आए राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकनकर्ताओं ने तीन दिनों तक लगभग 250 बिंदुओं पर गहन मूल्यांकन के बाद जिला चिकित्सालय को यह अवॉर्ड एवं सर्टिफिकेशन प्रदान किया। यह उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है। डॉ. जैन ने कहा कि बिना साक्ष्य के इस प्रकार के आरोपों से कर्मचारियों का मनोबल टूटता है और इससे बचा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल में मरीजों के लिए आरओ का शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, सभी आरओ सुचारू रूप से चालू हैं तथा उनके रखरखाव के लिए लॉगबुक संधारित की जा रही है। मरीजों की सेहत के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ट्रॉमा सेंटर में एक फार्मेसी प्रारंभ की गई है, जहां चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ट्रॉमा सेंटर के नीचे एक ट्रायेज रूम भी बनाया गया है, जहां प्रसूता के पहुंचते ही प्रारंभिक जांच कर उसकी स्थिति का आकलन किया जाएगा और उसके बाद आवश्यकतानुसार भर्ती किया जाएगा।

108 एम्बुलेंस सेवा का कार्यालय भी ट्रॉमा सेंटर के नीचे स्थापित किया गया है, जिससे मरीजों को डिस्चार्ज के समय एम्बुलेंस प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। शीघ्र ही भीड़ नियंत्रण के लिए पास सिस्टम भी लागू किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. जैन ने नागरिकों एवं पत्रकारों से अस्पताल की व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अस्पताल हम सभी का है और सबके सहयोग से ही व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा सकती हैं।

### उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में स्वर्ण जयंती छात्र–शिक्षक मिलन समारोह सम्पन्न



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में वर्ष 1975–76 बैच का एक दिवसीय स्वर्ण जयंती छात्र–शिक्षक मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। पचास वर्षों बाद विद्यालय परिसर में पहुंचे पूर्व छात्रों और शिक्षकों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा पटाखे फोड़कर, पुष्पवर्षा, तिलक एवं अभिनंदन के साथ भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के मुख्य द्वार से ही शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने पंक्तिबद्ध होकर पूर्व छात्रों का स्वागत किया, जिसके बाद शाला प्राचार्य आलोक कुमार चौरे के नेतृत्व में सभी अतिथियों को विद्यालय भवन तक ले जाया गया।

इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय द्वार को नमन कर कक्षाओं में प्रवेश किया, जहां उनके शिक्षकों द्वारा उपस्थिति ली गई। यह क्षण सभी के लिए अत्यंत स्मरणीय और भावुक रहा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ।

समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वनी उपाध्याय की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्राचार्य आलोक कुमार चौरे ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य केशराज चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य अनंत राम वैद्य तथा एल.पी. साहू (पूर्व प्रधानपाठक) उपस्थित रहे। मंच संचालन श्रीमती श्रद्धा तिवारी एवं मनोहर मरकाम द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत भूतपूर्व छात्रों द्वारा शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, बैच एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर दिवंगत पूर्व छात्र डॉ. शिरीष कुमार शर्मा की स्मृति में उनके पुत्र दुष्यंत एवं कनिष्क शर्मा तथा पत्नी श्रीमती उर्मिला शिरीष शर्मा द्वारा कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 5101 रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं मोमेंटो प्रदान करने की घोषणा की गई। साथ ही विद्यालय के पुस्तकालय हेतु स्वलिखित पुस्तकें भी भेंट की गईं। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उत्तरप्रदेश के विभिन्न शहरों से आए पूर्व छात्रों ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम और भी भावनात्मक बन गया। वहीं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में भूतपूर्व छात्र जुगल किशोर पांडे ने विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा शाला की ओर से स्नेह सम्मान स्वरूप सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

# पीएम स्वनिधि से आत्मनिर्भरता की ओर : सुखवंता मर्सकोले की प्रेरक कहानी

**बैहर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 08 की निवासी श्रीमती सुखवंता पति श्री इंदल सिंह मर्सकोले एक साधारण परिवार से संबंध रखती हैं। उनके परिवार में कुल चार सदस्य हैं और परिवार की संपूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। आजीविका के लिए वे सड़क किनारे एक छोटी-सी किराना दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं।**



परिवार की आय का कोई अन्य स्रोत न होने के कारण सीमित आमदनी में घर चलाना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा था। दुकान छोटी होने के कारण न तो सामान की विविधता बढ़ाई जा सकती थी और न ही आय में कोई विशेष वृद्धि हो पा रही थी। ऐसे समय में आर्थिक सहयोग की सख्त आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसी दौरान नगर परिषद बैहर के कर्मचारियों द्वारा उन्हें केंद्र शासन की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई। योजना की जानकारी मिलने पर श्रीमती सुखवंता ने नगर परिषद बैहर पहुंचकर आवेदन किया। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत उन्हें तृतीय चरण में 50,000 रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। प्राप्त ऋण राशि एवं अपनी पारिवारिक पूंजी को मिलाकर उन्होंने अपनी किराना दुकान का विस्तार किया। पहले जहां सीमित सामान उपलब्ध था, वहीं अब दुकान में रोजमर्रा की अधिक आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध होने लगीं। वर्तमान में वे नगर परिषद की नजूल भूमि पर अस्थायी रूप से दुकान का संचालन कर रही हैं और समय-समय पर बैंक में ऋण की किस्त भी नियमित रूप से जमा कर रही हैं। व्यवसाय से प्राप्त आय से न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, बल्कि बच्चों की जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ अब वे बचत भी कर पा रही हैं। आज श्रीमती सुखवंता आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ी हैं और आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। श्रीमती सुखवंता मर्सकोले का कहना है कि "पीएम स्वनिधि योजना ने मुझे नया जीवन दिया है। आज मैं सम्मान के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर पा रही हूँ। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।" श्रीमती सुखवंता की यह कहानी इस बात का सजीव उदाहरण है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसे प्रयास छोटे व्यापारियों को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# जल है तो कल है : जल जीवन मिशन से बदली ग्राम उमरवाडा और सिजोरा की तस्वीर

### फ्लोराइड-मुक्त शुद्ध जल से स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ते ग्रामीण







लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट द्वारा संचालित जल जीवन मिशन ने जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान कर ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। इसका सशक्त उदाहरण विकासखण्ड वारासिवनी का ग्राम उमरवाडा एवं विकासखण्ड बैहर का ग्राम सिजोरा हैं, जहाँ शुद्ध, सुरक्षित एवं फ्लोराइड-मुक्त जल की उपलब्धता ने लोगों के स्वास्थ्य और जीवनस्तर को नई दिशा दी है। ग्राम उमरवाडा, जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित है। लगभग 2182 जनसंख्या वाले इस ग्राम के लोगों का मुख्य जीवनाधार कृषि एवं मजदूरी है। जल जीवन मिशन से पूर्व ग्राम में पीने के पानी का एकमात्र साधन 5–6 हैंडपंप थे, जिनका पानी फ्लोराइड युक्त होने के कारण उपयोग योग्य नहीं था। फ्लोराइड युक्त पानी के सेवन से ग्रामीणों में दाँतों पर पीले धब्बे, हड्डियों की कमजोरी, मस्तिष्क विकास में बाधा, थायराइड एवं प्रजनन संबंधी बीमारियाँ देखने को मिलती थीं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2019 में 95.99 लाख रुपये की योजना स्वीकृत हुई। इसके अंतर्गत 100 के.एल. क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी एवं 20 के.एल. क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया। फलस्वरूप ग्राम के प्रत्येक घर तक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से फ्लोराइड-मुक्त शुद्ध पेयजल पहुँचा।वर्तमान में ग्राम उमरवाडा में 516 नल कनेक्शन हैं एवं ग्राम को "हर घर जल" रिपोर्टेड एवं प्रमाणित किया जा चुका है। शुद्ध जल उपलब्ध होने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और जीवन आसान हुआ है। इसी क्रम में विकासखण्ड बैहर का ग्राम सिजोरा, जो जिला मुख्यालय से लगभग 95 किलोमीटर दूर स्थित है, जल जीवन मिशन की एक और प्रेरक सफलता की कहानी प्रस्तुत करता है। ग्राम सिजोरा के साथ आवासटोला, बैगाटोला, बरकतटोला, कोलियटोला, नुन्काटोला एवं रामसिंह टोला सहित कुल 7 बसाहटें हैं, जिनकी संयुक्त जनसंख्या लगभग 1500 है। पूर्व में यहाँ नल जल योजना केवल मुख्य बस्ती तक सीमित थी, जबकि अन्य टोले पानी के लिए दूर-दराज भटकने को मजबूर थे।वर्ष 2021-22 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग योजना स्वीकृत हुई और 84.98 लाख रुपये की लागत से 17 जुलाई 2022 को कार्य प्रारंभ किया गया। योजना के अंतर्गत 75 के.एल. क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी एवं 20 के.एल. क्षमता का सम्पवेल निर्मित कर सभी बसाहटों को जोड़ा गया। वर्तमान में ग्राम सिजोरा की सभी बसाहटों में 391 घरेलू नल कनेक्शन हैं, जिनके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम सिजोरा भी हर घर जल रिपोर्टेड एवं प्रमाणित हो चुका है।फ्लोराइड-मुक्त एवं पर्याप्त पेयजल मिलने से ग्राम उमरवाडा एवं ग्राम सिजोरा के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। सभी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट (म.प्र.) का आभार व्यक्त किया है। जल जीवन मिशन वास्तव में ग्रामीण भारत में "जल है तो कल है" की सोच को साकार करता हुआ स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रख रहा है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित





बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय चरण में बालाघाट जिले में बाल विवाह के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन तथा प्रशासक रचना चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करना है। इस अभियान के तहत सामुदायिक सहभागिता को सशक्त करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय वार्डों में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र खैरी, परियोजना कार्यालय खैरलांजी तथा विकासखंड बिरसा की ग्राम पंचायत जैरासी एवं ग्राम पंचायत बाकीगुड़ा में आनंद उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाम के लिए जनजागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों, विवाह पंजीकरण की अनिवार्यता, कानून के प्रावधानों तथा बाल विवाह की रोकथाम, संरक्षण एवं प्रोत्साहन से जुड़े प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। इन गतिविधियों में वन स्टॉप सेंटर बैहर की केस वर्कर श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े एवं श्रीमती यानिता राहंगडाले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान के माध्यम से भारत सरकार का उद्देश्य जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों से देश को बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर करना है।

# प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत जर्जर स्कूलों के मरम्मत कार्यों को दी गई प्रशासकीय स्वीकृति

कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किये गए है। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। इस योजना के तहत बालाघाट जिले के बिरसा जनपद अंतर्गत 10 तथा बैहर जनपद पंचायत अंतर्गत 10 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल 20 जर्जर स्कूलों की मरम्मत कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन जर्जर स्कूल भवनों का निर्माण कार्य शाला प्रबंधन समिति द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

इस योजना के तहत बिरसा जनपद की ग्राम पंचायत डाबरी के ग्राम छिंदीटोला के ईजीएस स्कूल में मरम्मत कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार बिरसा जनपद की ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के ग्राम बैगाटोला के ईजीएस स्कूल, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के ग्राम सुकुलपाठ के ईजीएस स्कूल, ग्राम पंचायत डाबरी के शासकीय प्राथमिक शाला भण्डेरी, ग्राम पंचायत धुनधुनवर्धा के एकीकृत स्कूल, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के शासकीय माध्यमिक शाला चारघाट, ग्राम पंचायत डाबरी के शासकीय प्राथमिक शाला पटेलटोला, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के शासकीय प्राथमिक शाला डोडराटोला, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के शासकीय प्राथमिक शाला किडंगीटोला एवं ग्राम पंचायत डाबरी के शासकीय प्राथमिक शाला गौरझोला में मरम्मत कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह बिरसा जनपद के कुल 10 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य के लिए 12 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार बैहर जनपद की ग्राम पंचायत लूद के ग्राम बम्हनी के एकीकृत स्कूल में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए, ग्राम पंचायत लूद के एकीकृत स्कूल में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत लातरी के एकीकृत स्कूल में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत मोहरई के शासकीय प्राथमिक शाला आर्मी में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए, ग्राम पंचायत मोहरई के शासकीय प्राथमिक शाला झिंगराटोला में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत नव्ही के शासकीय प्राथमिक शाला चुक्काटोला में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत लूद के शासकीय प्राथमिक शाला सारद में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए, ग्राम पंचायत बिठली के शासकीय प्राथमिक शाला दुगलई में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत बिठली के शासकीय प्राथमिक शाला बोडखी में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत बिठली के शासकीय प्राथमिक शाला आमानाला में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस तरह बैहर जनपद के कुल 10 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य के लिए 12 लाख 46 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।